अग्रवाल महाविद्यालय , बल्लबगढ़ द्वारा स्नातक तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसय व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है | कार्यशाला प्राचार्य, डॉ कृष्ण कांत गुप्ता के मार्गदर्शन और सी.ल.ए अकडेमी ऑफ़ एजुकेशन के सहयोग से आयोजित की जा रही है | इस कार्यशाला का उद्देश्य "विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारने के लिए पूर्ण कौशलता का विकास करना है" | प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता जी के अनुसार विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ- साथ कौशल विकास, व्यक्तित्व विकास का होना भी जरूरी है | महाविद्यालय में विद्यार्थियों को सामान्य शिक्षा के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट, कम्युनिकेशन स्किल्स, तकनीकी शिक्षा भी देनी चाहिए, ताकि अपने भविष्य में तरक़्क़ी कर सके | इस कार्यशाला में छात्रों को कम्युनिकेशन स्किल्स, पेर्सनॅलिटी डेवलपमेंट और इंटरव्यू कि तैयारी करने के अनेकानेक तरीके सिखाये गए | सी.ल.ए अकडेमी ऑफ़ एजुकेशन से 25 साल के अनुभवी मनोज ग्रोवर ने छात्रों को फ्रेंच भाषा का ज्ञान दिया | उन्होंने फ्रेंच भाषा स्पीकिंग, राइटिंग स्किल्स सिखाये और फ्रेंच भाषा की उपयोगिताओं के बारे में जानकारी दी | सी.ल.ए अकडेमी ऑफ़ एजुकेशन से श्री मति रूपिका गुप्ता जी ने सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग, कम्युनिकेशन स्किल्स, पेर्सनॅलिटी डेवलपमेंट इत्यादि उपयोगिताओं के बारे में जानकारी दी और इंटरएक्टिव सत्र के द्वारा छात्रों को प्रोत्साहित किया | उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केवल पाठ्य ज्ञान सम्पूर्ण ज्ञान नहीं है, पाठ्य ज्ञान के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए पूर्ण कौशलता का विकास होना भी जरूरी है |